कार्यालय पुलिस उपायुक्त काशी-जोन, पुलिस कमिश्नरेट, वाराणसी ।

प्रेस-विज्ञप्ति

दिनांक- 07/07/2024

विषयः-थाना जैतपुरा पुलिस द्वारा चोरी गयी मोटरसाइकिल सहित एक अभियुक्त को गिरफ्तार

श्रीमान् पुलिस आयुक्त वाराणसी महोदय द्वारा अपराध एवं अपराधियों के विरुद्ध चलाये जा रहे अभियान के तहत श्रीमान पुलिस उपायुक्त काशी जोन व श्रीमान अपर पुलिस उपायुक्त जोन काशी व श्रीमान सहायक पुलिस आयुक्त चेतगंज जोन काशी कमि0 वाराणसी के कुशल निर्देशन में थाना जैतपुरा पुलिस द्वारा मुखबिर खास की सूचना पर थाना हाजा पर पंजीकृत मु0अ0सं0 119/2024 धारा 379 भादवि से संबंधित चोरी गयी मोटरसाइकिल सहित अभियुक्त विशाल सेठ पुत्र संजय कुमार सेठ नि0 गुहम्मदपुर दुलहीपुर थाना मुगलसराय जनपद चन्दौली उम्र 26 वर्ष को बिछुआ मन्दिर ढेलवरिया के समीप आज दिनांक 07.07.2024 को गिरफ्तार किया गया। अग्रेतर कार्यवाही प्रचलित है।

घटना का विवरणः- दि0 12/05/2024 को प्रातः 03:30 बजे कैण्ट स्टेशन की तरफ से लौट रहे वादी मुकदमा प्रियांशु तिवारी पुत्र रामबालक तिवारी नि0 मरकट पोस्ट रूपौली थाना चौराठा रेवा म0प्र0 के साथ रास्ते में दो अज्ञात व्यक्तियों द्वारा रूमाल में नशीला पदार्ध सुंघाकर अपाचे मोटरसाइकिल, 20,000 रूपया नकद व मोबाइल फोन चोरी कर लेने की घटना के संबंध में वादी मुकदमा द्वारा थाना हाजा पर अभियोग पंजीकृत कराया गया था। उक्त के संबंध में थाना जैतपुरा पुलिस को मुखबीर खास द्वारा सूचना प्राप्त हुयी कि बिछुआ मन्दिर ढेलवरिया के समीप उक्त घटना से संबंधित अभियुक्त मौजूद है । मुखबिर खास की सचना पर थाना जैतपुरा पुलिस द्वारा एकबारगी दबिश देते हुए मुखबिर खास द्वारा बताए हुए व्यक्ति को पकड़ लिया गया। पकडे गये व्यक्ति से नाम पता पूछने पर अपना नाम विशाल सेठ पुत्र संजय कुमार सेठ नि0 गुहम्मदपुर दुलहीपुर थाना मुगलसराय जनपद चन्दौली उम्र 26 वर्ष बताया। पकड़े गये व्यक्ति के कब्जे से वादी मुकदमा की चोरी गयी मोटरसाइकिल बरामद हुयी।

विवरण पूछताछः- पकड़े हुए व्यक्ति से नाम पता पूछने पर अपना नाम विशाल सेठ पुत्र संजय कुमार सेठ नि0 गुहम्मदपुर दुलहीपुर थाना मुगलसराय जनपद चन्दौली उम्र 26 वर्ष बताया । बरामदशुदा मोटरसाइकिल के संबंध में पूछने पर बता रहा है कि साहब यह मोटरसाइकिल मैने व मेरे एक साथी ने दि0 12/05/24 की भोर में एक व्यक्ति जो कि नशे की हालत में था उससे लिफ्ट लेने के बहाने चोरी की थी, जिसको मैं बेचने की फिराक में था कि आप लोगों द्वारा पकड़ लिया गया।

गिरफ्तार अभियुक्त का विवरण-

1- विशाल सेठ पुत्र संजय कुमार सेठ नि0 गुहम्मदपुर दुलहीपुर थाना मुगलसराय जनपद चन्दौली उम्र 26 वर्ष

बरामदगी का विवरण- टीवीएस अपाचे मोटरसाइकिल (मु0अ0सं0 119/2024 धारा 379 भादवि थाना जैतपुरा कमिश्नरेट वाराणसी से संबंधित)

गिरफ्तारी का दिनांक, समय व स्थान- बिछुआ मन्दिर ढेलवरिया के समीप थाना जैतपुरा कमि0 वाराणसी दिनांक 07.07.2024।

आपराधिक इतिहास- मु0अ0सं0 119/2024 धारा 379/411 भादवि थाना जैतपुरा वाराणसी

गिरफ्तार/सराहनीय कार्य करने वाली पुलिस टीम का विवरण-

श्री बृजेश कुमार मिश्र थानाध्यक्ष जैतपुरा कमि0 वाराणसी
उ0नि0 सुधीर कुमार त्रिपाठी थाना जैतपुरा कमि0 वाराणसी
उ0नि0 रविकान्त मलिक थाना जैतपुरा कमि0 वाराणसी
उ0नि0प्रशि0 हृदय लाल थाना जैतपुरा कमि0 वाराणसी
का0 कीर्ति कुमार थाना जैतपुरा कमि0 वाराणसी

सोशल मीडिया सेल
पुलिस उपायुक्त,कार्यालय
काशी-जोन कमि0 वाराणसी।